गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2024 दिनांक 28.06.2024

लिस्टिन्ग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051 स्क्रिप कोड: गेल-ईक्यू	लिस्टिन्ग अनुपालन बीएसई लिमिटेड पहली मंजिल, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई- 400001 स्क्रिप कोड: 532155

महोदय/महोदया,

कृपया "वर्ष 2035 तक गेल द्वारा स्कोप-1 और स्कोप-2 जीएचजी उत्सर्जन हेतु अपने नेट ज़ीरो लक्ष्य की प्राप्ति" विषय पर प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है ।

धन्यवाद,

भवदीय,

महेश

(महेश कुमार अग्रवाल)
कंपनी सचिव

अनुलग्नक : यथोक्त

प्रति:

1. इयूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई [illegible]

टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंज़िल

सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स

मुम्बई-400051

2. बीकॉन ट्रस्टीशिप लिमिटेड, ध्यानाकर्षण : श्री कौस्तुभ कुलकर्णी

4 सी एंड डी, सिद्धिविनायक चैंबर्स,

गांधी नगर, एमआईजी क्रिकेट क्लब के पीछे,

बांद्रा पूर्व, मुंबई- 400 051

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

वर्ष 2035 तक गेल द्वारा स्कोप-1 और स्कोप-2 जीएचजी उत्सर्जन हेतु अपने नेट ज़ीरो लक्ष्य की प्राप्ति

नई दिल्ली, दिनांक 28 जून, 2024: गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक मंडल ने आज कंपनी के स्कोप 1 और 2 उत्सर्जन के लिए नेट जीरो लक्ष्य को वर्ष 2040 से पांच वर्ष पूर्व अर्थात् वर्ष 2035 तक पूरा करने की अनुमति प्रदान की। यह निर्णय गेल द्वारा अपने स्थायित्व लक्ष्यों को बढ़ाने और भारत की व्यापक नेट जीरो प्रतिबद्धताओं के साथ संरेखित करने के लिए किए गए एक व्यापक अध्ययन के बाद लिया गया है। गेल ने प्राकृतिक गैस आधारित उपकरणों के विद्युतीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस), संपीड़ित बायोगैस (सीबीजी), हरित हाइड्रोजन, कार्बन डाइऑक्साइड मूल्यवर्धन पहल और वृक्षारोपण को शामिल करते हुए एक रणनीतिक दृष्टिकोण के माध्यम से इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने की योजना बनाई है।

श्री संदीप कुमार गुप्ता, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने उल्लेख किया कि गेल, एक स्वच्छ ईंधन अर्थात् प्राकृतिक गैस के विपणन और ट्रांसमिशन के व्यवसाय में कार्यरत है, जो विभिन्न उद्योगों और अंतिम उपभोक्ताओं के उत्सर्जन को कम करने में सहायक है। इसके अलावा, गेल अपने स्वयं के प्रचालन के भीतर उत्सर्जन को कम करने के लिए विभिन्न उपाय कर रहा है, जिससे स्वच्छ वातावरण में योगदान मिल रहा है। अपने उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य को वर्ष 2035 तक आगे बढ़ाकर, गेल भारत के ऊर्जा परिदृश्य में एक अग्रणी कंपनी के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है, सतत विकास को बढ़ावा दे रहा है और भारत के नेट जीरो उत्सर्जन लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रहा है।

इस अवसर पर श्री आर.के. सिंघल, निदेशक (व्यापार विकास) ने अपने संबोधन के दौरान इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में गेल के निरंतर और केंद्रित प्रयासों पर जोर दिया तथा ऊर्जा क्षेत्र के स्थायित्व की ओर ट्रांजिशन में गेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। संशोधित लक्ष्य जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने और स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में योगदान देने में गेल के सक्रिय रुख को रेखांकित करता है।

गेल, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के नियंत्रणधीन एक महारत्न कंपनी है, जो प्राकृति गैस के क्षेत्र में भारत की अग्रणी कंपनी है।